<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण</u>

प्रेस विज्ञप्ति

कोल्हापुर हवाई अड्डे का बढ़ी हुई क्षमता और विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ नया टर्मिनल भवन जल्द ही होगा तैयार

नई दिल्ली, 10 मई, **2023:** कोल्हापुर हवाई अड्डे पर बढ़ते यात्री भार को देखते हुए, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने ए-320 प्रकार के विमानों के प्रचालन और क्षमता को बढ़ाने के लिए हवाई अड्डे को विकसित करने का काम शुरू किया है। 256 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत के साथ विकास परियोजना में नए टर्मिनल भवन का निर्माण, रनवे का विस्तार, नए एप्रन और पार्किंग बे का निर्माण सम्मिलित है।

कोल्हापुर हवाईअड्डे को उड़ान योजना के तहत आरसीएस प्रचालन के लिए चिन्हित किया गया है और वर्तमान में यह हैदराबाद, बैंगलोर, मुंबई और तिरुपति से जुड़ा हुआ है । वर्तमान में, व्यस्ततम समय के दौरान यह हवाईअड्डा 75 यात्रियों की सेवा करने में सक्षम है, जो अपेक्षित भार से बहुत कम है।

बढ़ते यात्री भार को पूरा करने के लिए, नए टर्मिनल भवन का निर्माण 3900 वर्गमीटर के क्षेत्र में किया जा रहा है और व्यस्ततम समय में 300 यात्रियों की सेवा करने में सक्षम होगा। 10 चेक-इन काउंटरों के साथ, टर्मिनल सभी आधुनिक यात्री सुविधाओं से सुसज्जित होगा।

टर्मिनल भवन एक फोर-स्टार GRIHA रेटेड एनर्जी दक्ष भवन होगा जिसमें संधारणीय सुविधाएं होंगी । टर्मिनल भवन की आंतरिक सज्जा स्थानीय संस्कृति और विरासत की कला एवं संस्कृति को दर्शाएगी। नए टर्मिनल भवन के सामने के अग्रभाग में बड़े मेहराब महाराजा पैलेस, भवानी मंडप , कोल्हापुर

शहर का पन्हाला किला जैसी विरासत संरचनाओं में आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले मेहराबों से प्रभावित और व्युत्पन्न हैं।

इसके अतिरिक्त, भविष्य में होने वाली ट्रैफिक ग्रोथ को पूरा करने के लिए एक नए एयर ट्रैफिक कंट्रोल टावर का भी निर्माण किया जा रहा है। 110 कारों और 10 बसों की क्षमता वाला पार्किंग क्षेत्र, भी विकास गतिविधियों का भाग हैं।

रनवे के विस्तार का काम पूरा हो गया है। टर्मिनल भवन निर्माण का 60% से अधिक कार्य पूरा हो गया है तथा शेष अक्टूबर, 2023 तक पूरा होने की संभावना है।

महाराष्ट्र के दक्षिणी भाग में पंचगंगा नदी के तट पर स्थित कोल्हापुर एक ऐतिहासिक शहर है । कोल्हापुर को अपने धार्मिक इतिहास और अपने महालक्ष्मी मंदिर की प्राचीनता के कारण दक्षिण काशी या दक्षिण की काशी के रूप में भी जाना जाता है । नगर में बहुतायत यात्री क्षमता है क्योंकि यह नगर कृषि-आधारित उत्पादों, चीनी, कास्टिंग फाउंड्री, शिक्षा, चिकित्सा पर्यटन, ऑटोमोबाइल स्पेयर पार्ट्स और कपड़ा व्यवसाय का केंद्र भी है, जो बड़ी संख्या में हवाई यात्रियों को आकर्षित करता है।

हवाई अड्डे का नया विश्व स्तरीय टर्मिनल भवन इस औद्योगिक शहर से संपर्कता बढ़ाएगा, जिससे क्षेत्र के पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा । बढ़ी हुई संपर्कता स्थानीय समुदाय के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करेगी और बेहतर शैक्षिक और चिकित्सा सुविधाओं तक पहुंच प्रदान करेगी।

निगमित संचार निदेशालय, भा वि प्रा द्वारा जारी

विवरण के लिए
कृपया संपर्क करें:
महाप्रबंधक (सीसी)
011-24622787

प्रेस विज्ञप्ति संख्या 04/2023-24